अत्यंत गोपनीय: केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु

सेकेंडरी स्कूल टर्म II पूरक परीक्षा 2022

अंक-योजना / हिंदी (A), कोड- 002

कक्षा- 10 वीं प्रश्न पत्र 3/6/2

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के लिए भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। सार्वजनिक रूप से किसी भी तरह इसके लीक होने पर परीक्षा-प्रणाली पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जो लाखों उम्मीदवारों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना आईपीसी (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन समग्रता पूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालांकि मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित और नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) प्रश्नों के मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब आप आश्वस्त हो, कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ और गलत उत्तर के लिए गलत का (x)। मूल्यांकन करता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में उपभागों के इन अंकों का योग **बाईं** ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। **इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।**

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-40 (उदाहरण 0-40 अंक जैसा कि प्रश्न पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 40 अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 30 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 35 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) करना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (✔) या (**x**) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

13. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

14. उत्तर पुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

15. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

16. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

17. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		खंड 'क' **(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)**	
1	1	प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए :	
	(क)	पश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नवाब साहब ने लेखक से संगति के लिए क्यों उत्साह नहीं दिखाया? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए। **उत्तर** – • नवाब होने का अहंकार, वर्ग चेतना • लेखक के सामने दूसरे दर्जे में यात्रा करते देखे जाने का संकोच • खीरा जैसी साधारण वस्तु के साथ देखे जाने का संकोच • एकांत चिंतन में बाधा (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	1+1=2
	(ख)	प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बनी समझ के अनुसार 'नवाबी संस्कृति' और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **उत्तर** – • बनावटी और दिखावेपन की संस्कृति; • झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन • अहंकार का भाव (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	1+1=2
	(ग)	प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व की किन्हीं दो विशेषताओं को उपयुक्त तर्कों एवं प्रसंगों की सहायता से स्पष्ट कीजिए। **उत्तर** –	

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
1	(घ)	व्यक्तित्व की विशेषताएँ – • मानवीय करुणा एवं संवेदनशीलता • वात्सल्य एवं सहृदयता • दिव्यता • नि:स्वार्थ भावना • कर्मनिष्ठा • शांत, संयमी (कोई दो बिंदु अपेक्षित) उपयुक्त तर्क एवं प्रसंग – • जिससे भी मिलते, उससे सहज आत्मीय संबंध बना लेते थे। • सभी को अपने आशीष देते थे। • बड़े भाई की भांति सुख-दुख में शामिल होते थे • लेखक की पत्नी और पुत्र की मृत्यु के दुख में शामिल हुए और सांत्वना दी • देवदार की छाया के समान दुखों में शीतलता देते थे। • कभी क्रोध नहीं करते थे। • (अन्य उपयुक्त प्रसंग भी स्वीकार्य) प्रश्न – 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर लिखिए कि फ़ादर बुल्के के हिन्दी-भाषा के प्रति प्रेम की गहराई देख आपके मन में कौन-से विचार उठते हैं। **उत्तर** – • संदर्भगत मुक्त उत्तर स्वीकार्य, <u>उदाहरणार्थ</u> – • हिंदी भाषा के प्रति आदर और प्रेम का भाव • हिंदी की उपेक्षा / दुर्दशा पर दुख का भाव	1+1=2

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		• हिंदो की उन्नति में योगदान देने का भाव • फादर बुल्के के प्रति आदर और श्रद्धा का भाव (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	2
2	2	प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए :	
	(क)	प्रश्न – 'उत्साह' कविता के अनुसार विश्व के सकल जन क्यों पीड़ित हैं? उनकी पीड़ा दूर करने के लिए कवि किससे क्या आग्रह कर रहा है? **उत्तर** – • सकल जन के पीड़ित होने का कारण – • भीषण-गर्मी की तपन • सामाजिक असमानता और शोषण आग्रह – • बादलों से - जल बरसा कर मानव-मन को शीतल और तृप्त करने का। • युवाओं से आग्रह कि क्रांति-चेतना जाग्रत करके समाज में नवनिर्माण करें।	1+1=2
	(ख)	प्रश्न – 'अट नहीं रही है' कविता में कवि को फागुन की आभा कैसी प्रतीत हो रही है? कविता के आधार पर कवि के मन के भावों को स्पष्ट कीजिए। **उत्तर** – • फागुन की आभा – बहुत अधिक सुंदर, आकर्षक, चारों ओर बिखरी, जा कहीं समा नहीं रही है। कवि के मन का भाव – • कवि का मन भर नहीं रहा, तृप्त नहीं हो रहा	

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
2	(ग)	• अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य को लगातार निहारते रहने की इच्छा • प्रकृति के अद्‌भुत सौंदर्य को देखकर मन में प्रसन्नता और प्रशंसा का भाव	1+1=2
		प्रश्न – इस सत्र में पढ़ी कौन-सी कविता समाज में स्त्रियों के प्रति प्रचलित प्रथा की ओर न सिर्फ़ इशारा करती है बल्कि उसे बदलने की प्रेरणा भी देती है? कविता के नाम के साथ इस बात को सिद्ध करते हुए तर्क भी दीजिए। **उत्तर** – • कन्यादान कविता; तर्क – कन्यादान / दहेज-प्रथा की ओर संकेत और उसे बदलने की प्रेरणा (बदलने की प्रेरणा के लिए तर्कसंगत स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) उदाहरणार्थ – • माँ के द्वारा बेटी को दी गई सीख • भावी जीवन के प्रति सजग और सचेत करना • अपने गुणों को कमजोरी न बनने देना • व्यक्तित्व को दृढ़, मजबूत बनाना	1+1=2
	(घ)	प्रश्न – 'कन्यादान' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। **उत्तर** – • समाज में प्रचलित कन्यादान और दहेज जैसी प्रथाओं के प्रति जागरूक और सचेत रहने की प्रेरणा • वस्त्र-आभूषण के आकर्षण में न पड़ना • बाहरी सौंदर्य पर रीझने की अपेक्षा व्यक्तित्व की दृढ़ता • अपने स्वाभाविक गुणों को कमजोरी न बनने देना।	2

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
3	3	प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए :	
	(क)	प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि ...' पाठ में लेखिका की मुलाकात फ़ौजी से कहाँ पर हुई? देश की सुरक्षा के लिए सैनिक किन कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके प्रति एक आम नागरिक का क्या कर्तव्य होना चाहिए? **उत्तर** – • कटाओ से थोड़ा आगे, चीन की सीमा से थोड़ा पहले; सैनिकों की कठिनाइयाँ – • विपरीत / प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियाँ • घर परिवार से दूर • जान का जोखिम आम नागरिक का कर्त्तव्य – उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य उदाहरणार्थ – • सैनिकां के प्रति सम्मान और आदर का भाव रखना • उनके अधिकार की रक्षा करना • उनके परिवार के प्रति जवाबदेही महसूस करना • उनके परिवार की देखभाल करना आदि	1+1+1=3
	(ख)	प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ पढ़ते हुए आपको अपने बचपन की कौन-कौन सी स्मृतियाँ कौंधती है? क्या उनमें और भोलानाथ के बचपन में कोई समानता है? है तो कौन-सी? नहीं तो क्यों? **उत्तर** – • उपयुक्त तर्कसंगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएं। उदाहरणार्थ	

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
3	(ग)	स्मृतियाँ – माता-पिता का स्नेह, लाड़-दुलार, माता-पिता के हाथों से खाना खाना, दोस्तों के साथ मस्ती करना, खूब सारे खेल खेलना, दोस्तों के साथ मिलकर दूसरों को चिढ़ाना और फिर डाँट खाना जैसी कुछ स्मृतियाँ लिखी जा सकती हैं। • समानता और असमानता जीवन-स्थितियों से तुलनात्मक होगी। प्रश्न – 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में वर्णित मीडिया की स्थिति की तुलना आज के मीडिया से करते हुए बताइए कि आज स्थिति बेहतर हुई है या बदतर। अपने उत्तर के लिए उपयुक्त तर्क दीजिए। उत्तर – पाठ में वर्णित मीडिया – • गैर जिम्मेदार, चाटुकारिता और गुलामी की मानसिकता से भरी, अंग्रेजी अखबारों की नकल करने वाली, अन्याय पर चुप्पी, साहसहीनता आज की स्थिति – (प्रश्न के इस हिस्से के लिए उपयुक्त तर्कसंगत मुक्त उत्तर स्वीकार्य) बदतर – व्यावसायिकता पर केंद्रित, समाज और देश की परवाह नहीं; अफवाहों, झूठ आदि का प्रचार-प्रसार, जवाबदेही और जिम्मेदारी बिल्कुल भी नहीं अथवा बेहतर – आज मीडिया के कई रूप हैं जिनसे सच्चाइ और वास्तविकता सामने आती है, आम जनता के साथ, लोगों की पहुँच मीडिया तक।	1+2=3 3

अंक-योजना अगस्त, 2022

प्रश्न पत्र 3/6/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		खंड 'ख'	
		(रचनात्मक लेखन)	
4	4	प्रश्न – निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :	
	(क)	**पर्यटन का महत्व** • पर्यटन का अर्थ • पर्यटन की ज़रूरत • हमारे व्यक्तित्व निर्माण में उसकी भूमिका • देश-समाज को समझने के लिए पर्यटन की आवश्यकता	
	(ख)	**स्त्री-शिक्षा : वर्तमान और भविष्य** • स्त्री-शिक्षा की ज़रूरत • देश में स्त्रियों की शिक्षा की वर्तमान अवस्था • भविष्य में बेहतरी के लिए प्रयास	
	(ग)	**कसरत और योगाभ्यास : एक जीवन-शैली** • कसरत और योगाभ्यास क्या है? • जीवन-शैली में इसे शामिल करने की आवश्यकता • लाभ	
		उत्तर – <u>अनुच्छेद-लेखन</u> • भूमिका + निष्कर्ष = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा शुद्धता = 1 अंक	5

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
5	(क)	<u>विशेष निर्देश</u> :– • दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होन पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। विदेश में रहने वाले अपने मित्र को भारतीय पर्वों की विशेषताएँ बताते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। अथवा (ख) केंद्रीय विद्यालय, कानपुर में नि:शुल्क टीकाकरण (कोविड) की व्यवस्था की गई जिसमें क्षेत्र के 15 - 18 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया। इसकी जानकारी देते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। **उत्तर** – <u>पत्र-लेखन</u> • प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा शुद्धता = 1 अंक <u>विशेष निर्देश</u> :– • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ। • प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़	5

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए) • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	
6	(i)(क)	आप एक प्रकाशक हैं और आपके यहाँ से छपी नयी 'बेस्ट-सेलर' पुस्तक का नया संस्करण आ रहा है। उसके प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए लगभग 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।	
		अथवा	
	(ख)	एक कला-प्रदर्शनी के आयोजक की ओर से प्रदर्शनी की सूचना देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।	
	(ii)(क)	'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की ओर से एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए जिसके द्वारा ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी आदि से सावधान किया गया है। इसे लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।	
		अथवा	
	(ख)	आपने मसूरी में एक होटल खोला है। उसके लिए कर्मचारियों - मैनेजर, बेयरे, कुक आदि की आवश्यकता के लिए अख़बार में छपवाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।	

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		उत्तर – <u>विज्ञापन-लेखन</u> • रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक • विषयवस्तु = 1 अंक • भाषा शुद्धता = ½ अंक = 2½ अंक	2½+2½=5
		<u>विशेष निर्देश</u> :– • विज्ञापन लेखन मं रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	
7	(i)(क)	आपका मित्र पर्वतारोहियों के एक दल के लिए चुना गया है जो इस वर्ष गर्मी में एवरेस्ट की चढ़ाई करेगा। उसे बधाई और शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।	
		अथवा	
	(ख)	आपके माता-पिता की शादी की बीसवीं सालगिरह है। उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना और बधाई संदेश लिखिए।	
	(ii)(क)	देश के प्रधान मंत्री को ओर से महात्मा गाँधी की जन्मतिथि पर देशवासियों को सत्य, अहिंसा और आचरण की शुद्धता के पालन का संदेश लगभग 40 शब्दों में दीजिए।	
		अथवा	
	(ख)	विद्यालय के कप्तान की ओर से अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में जीतने के बाद फुटबॉल टीम को बधाई संदेश दीजिए। इस लगभग 40 शब्दों में लिखिए।	

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

प्रश्न	प्रश्न अनुभाग	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक और अंक - विभाजन
		उत्तर – <u>संदेश-लेखन</u> • प्रारूप = ½ अंक • विषयवस्तु = 1½ अंक • भाषा शुद्धता = ½ अंक = 2½ अंक विशेष निर्देश – • संदेश लेखन का कोई निश्चित प्रारूप नहीं है फिर भी प्रश्नानुकूल उपयुक्त प्रारूप को आवश्यक माना जाए। एक सामान्य प्रारूप के भीतर लेखन को ही संदेश माना जाए। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	2½+2½=5